# 10977 - हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु का सिर कहाँ दफन किया गया

**प्रश्न**

प्रश्न : मिस्र के लोग यह दावा करते हैं कि हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु का सिर उनके यहाँ है, और इराक़ वाले एक मस्जिद का दावा करते हैं जिसका नाम हुसैनी मज़ार रखते हैं, मुझे पता नहीं कि उसकी प्रामाणिकता क्या है, और विद्वानों के सबसे राजेह कथन के अनुसार हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु की क़ब्र कहाँ है ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु मुहर्रम 61 हिज्री में इराक़ के अंदर क़त्ल किए गए और उनका शरीर इराक़ में दफन किया गया। जहाँ तक यह दावा करने की बात है कि उनके सिर को मिस्र स्थानांतरित किया गया और वहाँ दफन किया गया तो हम इसका कोई आधार नहीं जानते हैं, और इसका विद्वानों में से कुछ अन्वेषकों ने खंडन किया है, और आपके इसकी वास्तविकता से अनभिज्ञ होने से आपको कोई नुक़सान नहीं पहुँचेगा, बल्कि आपके लिए और आपके अलावा अन्य मुसलमानों के लिए धर्मसंगत यह है कि उनके लिए और उनके अलावा नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के अन्य सभी साथियों के लिए अल्लाह की प्रसन्नता की दुआ करें।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करनेवाला है तथा अल्लाह तआला हमारे नबी मुहम्मद, आपकी संतान और आपके साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।